E-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
संचिका सं0– सं0–03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–04 / 2022..............................

आदेश

प्रस्तुत वाद "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम–8(4)" के अंतर्गत श्री संदीप कुमार शर्मा (Emp. ID No.- AEN02885), नालंदा द्वारा दाखिल अपील में अपर मुख्य सचिव–सह–अपीलीय प्राधिकार ने दिनांक– 26.08.2022 के आदेश द्वारा निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय द्वारा आदेश सं0– 1627 दिनांक– 02.07.2022 को रद्द करते हुए वाद को Remand किया गया है।

प्राधिकार के उक्त आदेश के आलोक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा सुनवाई की निर्धारित तिथि की सूचना आवेदक को ई–मेल द्वारा दी गई। निर्धारित तिथि को वाद की कार्रवाई प्रारंभ की गई। आवेदक उपस्थित। प्रस्तुत वाद को सुनकर आदेश पर रखा गया है।

श्री संदीप कुमार शर्मा (Emp. ID No.- AEN02885), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन का कथन है कि मुझे राजस्व ग्राम– अख्तियारपुर, थाना नं0–190 (वेचिरागी) एवं गाजीपुर, थाना नं0– 194 का अमीन नियुक्त किया गया था। श्रीमान् के द्वारा खानापुरी में मात्र 70 याद्दाश्त एवं कार्य में अभिरूचि न होने के वजह से स्पष्टीकरण किया गया था। जिसका जबाव मैंने ससमय श्रीमान् को भेजा था, लेकिन स्पष्टीकरण गलत E-mail Address पर भेज दिया था। इस संबंध में कहना है कि राजस्व ग्राम– अख्तियारपुर (190) एक वेचिरागी मौजा है, जिस वजह से रैयत वहाँ उपस्थित नहीं रहते है। रैयतों द्वारा अपना भूमि संबंधित दस्तावेज ससमय उपलब्ध नहीं कराने के कारण याद्दाश्त लेखन की गति धीमी हो गई। मेरा दूसरा आवंटित मौजा– गाजीपुर (194) में किस्तवार एवं खानापुरी कार्य को आरंभ किया। साथ में अख्तियारपुर (190) का याद्दाश्त कार्य भी कर रहे थे। पंचायत आम निर्वाचन, 2021 में मेरी डियूटी तीन चरणों में लगाई गई थी तथा दिसंबर माह में तबियत खराब होने के वजह से शिविर कार्यालय में 08 दिन अनुपस्थित था। प्राप्त स्पष्टीकरण में उल्लेख किया गया है कि मौजा–अख्तियारपुर का किस्तवार मानचित्र दिनांक– 09.08.2021 को प्राप्त किया तथा किस्तवार कार्य दिनांक– 14.08.2021 को आरंभ किया एवं किस्तवार दिनांक– 18.09.2021 को पूर्ण किया। किस्तवार मानचित्र एजेंसी को सुधार हेतु दिनांक– 08.10.2021 को दिया तथा खानापुरी मानचित्र दिनांक– 17.11.2021 को प्राप्त हुआ। तत्पश्चात् दिनांक– 29.11.2021 से खानापुरी प्रारंभ किया। अतः भवदीय से निवेदन है कि मुझे क्षमा प्रदान करते हुए इन सभी बातों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर मेरे संविदा नियोजन को पुनः बहाल करने की कृपा की जाय।

अभिलेख के अवलोकन से स्पष्ट है कि मौजा–अख्तियारपुर, थाना नं0–190 का खानापुरी कार्य दिनांक– 29.11.2021 से प्रारंभ किया गया तथा समीक्षा की तिथि तक मात्र 70 याद्दाश्त लेखन का कार्य किया गया है। श्री शर्मा द्वारा इस संबंध में कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त नियमावली के आलोक में किस्तवार का कार्य 30 कार्य दिवसों में पूरा किया जाना है, परन्तु श्री शर्मा द्वारा निदेश का पालन नहीं किया गया है।

निदेशालय पत्रांक– 1098 दिनांक– 11.05.2022 द्वारा श्री शर्मा को कार्य में शिथिलता बरतने एवं अभिरूचि नहीं लेने के कारण तीन दिनों के अंदर स्पष्टीकरण समर्पित करने का निदेश दिया गया। श्री शर्मा द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया, जो वरीय पदाधिकारियों के आदेश की अवहेलना है। स्पष्टीकरण समर्पित नहीं करना एवं विशेष सर्वेक्षण कार्य निर्धारित समय में पूरी नहीं किए जाने से स्पष्ट है कि श्री शर्मा द्वारा विशेष सर्वेक्षण जैस महत्त्वपूर्ण कार्य में रूचि नहीं ली जा रही है। इनका कृत्य, कर्त्तव्यहीनता एवं स्वेच्छाचारिता को

इंगित करता है। बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे समयावधि में पूरा किया जाना है। श्री शर्मा के कृत्य से भू–सर्वेक्षण कार्य एवं अन्य कर्मियों पर इसके कुप्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए इन्हें सेवा में बनाये रखना उचित नहीं है। आवेदक द्वारा कोई नया साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है।

उक्त के आलोक में "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम–8(4)" में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत श्री संदीप कुमार शर्मा (Emp. ID No.- AEN02885), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, नालंदा का संविदा पुनः रद्द किया जाता है।

ह0 / –
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

E-Mail

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–04 / 2022 1381 **पटना, दिनांक :–** 09/02/2023

प्रतिलिपिः– श्री संदीप कुमार शर्मा (Emp. ID No.- AEN02885), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, नालंदा, Email-sandeepkr727@gmail.com को सूचनार्थ प्रेषित।

8/2/23

(अनिल कुमार सिंह)
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–04 / 2022 1381 **पटना, दिनांक :–** 09/02/2023

प्रतिलिपिः– बन्दोबस्त पदाधिकारी, नालंदा / सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), नालंदा को सूचनार्थ प्रेषित।

8/2/23

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–04 / 2022 1381 **पटना, दिनांक :–** 09/02/2023

प्रतिलिपिः– संबंधित स्थापना, सहायक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

8/2/23

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–04 / 2022 1381 **पटना, दिनांक :–** 09/02/2023

प्रतिलिपिः– निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

8/2/23

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–04 / 2022 1381 **पटना, दिनांक :–** 09/02/2023

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

8/2/23

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप